कार्यालयः उ0प्र0, लोक सेवा आयोग,
संख्या– 921 / 12 / ई–4 / 2018–2019
प्रयागराजः दिनांक 11 जनवरी, 2019

विज्ञप्ति

समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी आदि सामान्य चयन परीक्षा–2017 तथा समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी आदि विशेष चयन (बैकलाग) (प्रा0) परीक्षा–2017 में सफल घोषित अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होनी हैः–

<table>
<tr><th>परीक्षा की तिथि</th><th>प्रथम सत्र</th><th>अवधि</th><th>द्वितीय सत्र</th><th>अवधि</th></tr>
<tr><td rowspan="2">17 फरवरी, 2019 (रविवार)</td><td>प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक</td><td>2 घण्टे</td><td>सायं 2.00 बजे से 5.00 बजे तक</td><td>3 घण्टे</td></tr>
<tr><td colspan="2">सामान्य अध्ययन
(वस्तुनिष्ठ) (Objective)</td><td colspan="2"><u>खण्ड–1</u> सामान्य हिन्दी एवं आलेखन
(परम्परागत) (Subjective)
(2.30 घण्टे)
<u>खण्ड–2</u> सामान्य शब्द ज्ञान एवं व्याकरण
(वस्तुनिष्ठ) (Objective)
(4.30 बजे से 5.00 बजे तक)
(30 मिनट)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">18 फरवरी, 2019 (सोमवार)</td><td>प्रातः 9.30 बजे से 12.30 बजे तक</td><td>3 घण्टे</td><td colspan="2" rowspan="2"></td></tr>
<tr><td colspan="2">हिन्दी निबन्ध
(परम्परागत) (Subjective)</td></tr>
<tr><td rowspan="2">20 फरवरी, 2019 (बुधवार)</td><td>प्रातः 9.30 बजे से 12.30 बजे तक</td><td>3 घण्टे</td><td>सायं 2.00 बजे से 5.00 बजे तक</td><td>3 घण्टे</td></tr>
<tr><td colspan="2"><u>समीक्षा अधिकारी (हिन्दी)</u>
<u>खण्ड–1</u> अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद
<u>खण्ड–2</u> हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद</td><td colspan="2"><u>समीक्षा अधिकारी (उर्दू)</u>
<u>खण्ड–1</u> अंग्रेजी से उर्दू में अनुवाद
<u>खण्ड–2</u> उर्दू से अंग्रेजी में अनुवाद</td></tr>
</table>

2–अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर "Candidate Segment" में "Fill online details for SAMIKSHA ADHIKARI/SAHAYAK SAMIKSHA ADHIKARI ETC (GENERAL/SPECIAL RECTT.) (MAINS) EXAMINATION-2017" पर Click करके आवश्यक सूचनाएं आनलाइन फार्मेट पर भरनी होगी। आनलाइन फार्मेट भरने से पूर्व "SAMPLE SNAPSHOTS" के आधार पर पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त आनलाइन फार्मेट भरें। सर्वप्रथम Registration no. & Basic Details (जन्म तिथि, लिंग, निवास, श्रेणी इत्यादि) दें। निर्देशों एवं प्रकिया का भली–भॉति अध्ययन करने के उपरान्त उसका पालन करते हुए प्रत्येक स्तर पर आनलाइन सूचनाएं भरकर पूर्ण संतुष्ट होकर "SAVE" कर लें। तत्पश्चात् मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करने हेतु "Click here to payment the required fee for Main Examination" को Click करें । इसके पश्चात् S.B.I. MOPS का पेज प्रदर्शित होगा, जिसके भुगतान हेतु निम्न विकल्प उपलब्ध होंगेः–

(1) S.B.I. MOPS के Portal से S.B.I. अथवा 55 अन्य बैंकों में से किसी एक बैंक का चयन करना होगा ।
(2) चयन किए गए बैंक के द्वारा Debit/Credit/Net Banking के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।
(3) उपरोक्त बिन्दु–2 की सुविधा न होने पर S.B.I. का ई–चालान मुद्रित करके नगद भुगतान द्वारा भी परीक्षा शुल्क जमा किया जा सकता है । अथवा,
(4) मोबाइल बैंकिंग द्वारा 'Buddy' के माध्यम से ।

3–सभी स्तरों पर आनलाइन सूचनाएं भरने के पश्चात "SUBMIT" कर दें। आनलाइन "SUBMIT" किये गये फार्म सेट को मुद्रित कर लें। आनलाइन फार्म सेट "SUBMIT" करने के उपरान्त आयोग द्वारा निर्धारित समय में ही अभ्यर्थियों को यदि कोई त्रुटि प्रकाश में आती है तो उसके संशोधन हेतु केवल एक बार संशोधन (Edit) आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर प्रदर्शित विकल्प "Click here to Modify details after Submission for SAMIKSHA ADHIKARI/SAHAYAK SAMIKSHA ADHIKARI ETC (GENERAL/SPECIAL RECTT.) (MAINS) EXAMINATION-2017" पर क्लिक करके कर सकते है। उपरोक्त प्रक्रिया दिनांक 18–01–2019 तक सही–सही एवं सावधानी पूर्वक भरना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त जाति प्रमाण–पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों का प्रमाण–पत्र, विकलांगता का प्रमाण–पत्र, भू0पू0सै0 का प्रमाण–पत्र के प्रारूप की PDF File वेबसाइट पर उपलब्ध है।

4– आनलाइन भरे गये फार्म सेट (आवेदन–पत्र व अधिमान्यता प्रपत्र) को मुद्रित करके उसके साथ समस्त संलग्नकों (प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाओं, उपाधियों तथा अन्य सभी दावों से सम्बन्धित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियॉ) सहित एक लिफाफे में भरकर तथा उक्त लिफाफे पर मुद्रित पता पर्ची (Address Slip) चस्पा कर दिनांक 28–01–2019 को 5:00 बजे अपरान्ह तक अथवा उसके पूर्व सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 (परीक्षा अनुभाग–4) 10, कस्तूरबा गांधी मार्ग, इलाहाबाद, पिन कोड नं0–211018 को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट संख्या–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउन्टर (पूछ–ताछ काउन्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जायेगे।

5– समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि सामान्य चयन परीक्षा–2017 तथा समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि विशेष चयन (बैकलाग) (प्रा0) परीक्षा–2017 से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं श्रेणीवार कट आफ अंक आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर दिनांक 21.01.2019 तक उपलब्ध रहेगे। अतः वांछित सूचना भरकर अभ्यर्थीगण प्राप्तांक एवं श्रेणीवार कट आफ अंक देख/ प्राप्त कर सकते है। इस सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से प्रार्थना पत्र स्वीकार नही किये जायेगें।

<u>नोटः</u>–प्रश्नगत मुख्य परीक्षा अपरिहार्य कारणों से जनपद लखनऊ में ही आयोजित की जायेगी।

(जगदीश)
सचिव।